# DAV NUPPL Public School
## NUPPL Township, Ghatampur, Kanpur Nagar, UP-209206

**Assignment: Half yearly** **Class : VI**
**Subject: Hindi** **Session: 2024-25**

**(अपठित बोध)**

**1.निम्नलिखित गदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

अनुशासन शब्द सुनने में एक भारी भरकम शब्द लगता है पर अनुशासन का सीधा सा अर्थ है नियमों का पालन करना। हम सभी अपने जीवन में रोज अनेक नियमों का पालन करते हैं जैसे सुबह समय पर उठना, मुँह धोना, नाश्ता करना आदि। ये नियम हर प्रति दिन हमारे स्वास्थ्य का ख्याल रखते हैं। इसी प्रकार सोच समझकर जब हम दूसरे भी नियम बनाते हैं तो उन नियमों से हमें लाभ होता है। इन्हीं नियमों का पालन करना ही अनुशासन कहलाता है। जीवन में, समाज में, स्कूल में सभी जगह काम को सही तरीके से करने के लिए नियम बनाए जाते हैं। इन्हें बनाने का एक और कारण है कि इनका पालन करने से किसी भी कार्य का लाभ सभी को मिलता है जैसे ट्रैफिक लाइट के अनुशासन का पालन करने से सभी का जीवन सुरक्षित रहता है और सभी जल्दी यात्रा कर सकते हैं।

एक विद्यार्थी को भी अनुशासन का पालन करना पड़ता है। जब वह अपने स्कूल में होता है तो उसे स्कूल और क्लास में बैठने और पढ़ने के लिए, पढ़ाई के समय चुप रहने, ध्यानपूर्वक सुनने, नोट्स लिखने जैसे अनेक अनुशासन को निभाना पड़ता है। कभी-कभी ये अनुशासन उसे बोझिल लगते हैं पर इन्हीं के कारण इतने सारे बच्चे एक जगह बैठकर अपनी शिक्षा सफलता से ग्रहण कर पाते हैं। इसी तरह जो विद्यार्थी घर पर भी खेलने, पढ़ने, सोने आदि के अनुशासन का पालन करते हैं उनका गृहकार्य समय पर पूरा हो जाता है और परीक्षा में भी उन्हें अच्छे अंक प्राप्त होते हैं। साथ ही उन्हें खेल, चित्रकारी, संगीत आदि अपने दूसरे शौक को पूरा करने और सीखने का भी समय मिल जाता है। इस तरह जीवन में अनुशासन का पालन करने वाला विद्यार्थी अपने लिए एक उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने में सफल होता है।

一) **अनुशासन का सीधा सा अर्थ क्या है?**

(अ) **कोई नियम न मानना ।**
(ब) **नियमों का पालन करना ।**
(स) **नियमों की अनदेखी करना ।**
(द) **इनमे से कोई नहीं।**

二) जीवन में, समाज में, स्कूल में सभी जगह नियम क्यों बनाए जाते हैं?

(अ) समय पर काम पूरा करने के लिए।
(ब) ताकि कोई काम समय पर पूरा न हो।

(स) काम को सही तरीके से करने के लिए।

(द) क और ग दोनो ही सही विकल्प है।

三) ट्रैफिक लाइट के अनुशासन का पालन करने से____” सही कथन से वाक्य पूरा कीजिए।

(अ) सभी का जीवन सुरक्षित रहता है और सभी जल्दी यात्रा कर सकते हैं

(ब) सभी को देर हो जाती है

(स) सभी का समय नष्ट होता है

(द) इनमे से कोई नही।

四) जो विद्यार्थी घर पर भी खेलने, पढ़ने, सोने आदि के अनुशासन का पालन करते हैं उन्हें क्या लाभ होता है?

(अ) परीक्षा में भी उन्हें अच्छे अंक प्राप्त होते हैं ।

(ब) उनका गृहकार्य समय पर पूरा हो जाता है।

(स) वे अनुशासन में रहना सीख जाते हैं।

(द) उपरोक्त सभी सही है।

五) **कथन (A)**: ट्रैफिक लाइट का पालन करने से जीवन सुरक्षित रहता है।

**कारण (R)**: ट्रैफिक लाइट का पालन करने से सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं की संभावना कम हो जाती है।

(अ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनो गलत है।

(ब) कथन (A)गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

(स) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(द) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण R कथन A की सही व्याख्या करता है।

**2- निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढकर आधारित प्रश्नों के उचित विकल्प छांटकर लिखिए –**

ऋतु वसन्त तुम आओ ना,
वासन्ती रंग बिखराओ ना।
उजड़ रही आमों की बगिया,
बौर नये महकाओ ना।
सूनी वन-उपवन की डालें,
कोयल को बुलवाओ ना।
नूतन गीत सुनाओ ना,
ओ वसन्त तुम आओ ना।
ऊँचे-ऊँचे महलों में,
देखो जाम छलकते हैं...।
कहीं अँधेरी झोपड़ियों में,

दुधमुँहे रोज बिलखते हैं।
कुटिया के बुझते दीपक को, वनकर तेल जलाओ ना...
भूखी माँ के आँचल में तुम, दूध की धार बहाओ ना...
प्रिय वसन्त तुम आओ ना...
कोई धोता जूठे बर्तन,
कोई कूड़ा बीन रहा।
पेट की आग मिटाने को,
रोटी कोई छीन रहा।
काम पे जाते बच्चे के, हाथों में किताब थमाओ ना...
घना अँधेरा छाया है, तुम ज्ञान के दीप जलाओ ना...
ऋतु वसंत तुम आओ ना ।

一) उजड़ रही आमों की बगिया में वसन्त को क्या करने के लिए कहा है ?

(अ) गीत गाने के लिए

(ब) नए बौर महकाने के लिए और कोयल को बुलवाने के लिए

(स) देखभाल करने के लिए

(द) कोयल को गाने के लिए

二) अँधेरी झोपड़ियों की हालत क्या है ?

(अ) वहाँ दुधमुंहे बच्चे हँस रहे हैं|

(ब) वहाँ उजाला होने वाला है|

(स) वहाँ दुधमुंहे बच्चे भूख के कारण बिलख रहे हैं|

三) अँधेरी झोपड़ियों की हालत ठीक है|

वसन्त से कुटिया में ........... कहा है। (वाक्य पूरा कीजिए।)

(अ) तेल बनकर बुझते दीपक को जलाने और दूध की धार बहाने के लिए

(ब) बौर खिलाने के लिए

(स) कोयल को बुलाने के लिए

(द) गीत गाने के लिए

四) छोटे बच्चे मजबूरी में क्या-क्या कर रहे हैं ?

(अ) कोई धोता जूठे बर्तन

(ब) कोई कूड़ा बीन रहा है

(स) कोई पेट की आग मिटाने को, रोटी छीन रहा है

(द) उपर्युक्त सभी

五) **कथन (A)**: बच्चों के हाथों में किताब थमाने से घना अंधेरा दूर हो सकता है।

**कारण (R):** शिक्षा के माध्यम से ज्ञान का दीप जलाया जा सकता है, जिससे जीवन के अंधकार को दूर किया जा सकता है।

(अ) कथन (A) और कारण(R) दोनों सही हैं और कारण(R), कथन (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(ब) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है।

(स) कथन (A) और कारण (R)दोनों गलत हैं।

(द) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

**3- निम्नलिखित पठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढकर आधारित प्रश्नों के उचित विकल्प छांटकर लिखिए –**

साथी हाथ बढ़ाना
एक अकेला थक जाएगा,
मिलकर बोझ उठाना।
साथी हाथ बढ़ाना।
हम मेहनतवालों ने जब भी मिलकर कदम बढ़ाया।
सागर ने रस्ता छोड़ा,
परबत ने सीस झुकाया,
फ़ौलादी हैं सीने अपने,
फ़ौलादी हैं बाँहें।
हम चाहें तो चट्टानों में पैदा कर दें राहें।

एक से एक मिले तो क़तरा,
बन जाता है दरिया
एक से एक मिले तो ज़र्रा,
बन जाता है सेहरा
एक से एक मिले तो राई
बन सकती है परबत
एक से एक मिले तो इंसा
बस में कर ले किस्मत
साथी हाथ बढ़ाना।

—) '**साथी हाथ बढ़ाना**' गीत के गीतकार कौन हैं?

(अ) विष्णु प्रभाकर (ब) दिलीप एम. साल्वी

(स) साहिर लुधियानवी (द) सुमित्रानंदन पंत

二) इस गीत में किस प्रकार कार्य करने की बात की गई है?

(अ) मिलकर (ब) मशीनों के द्वारा

(स) आधुनिक तकनीक से (द) अकेले

三) मेहनत करने वालों के सामने कौन सीस झुकाता है?

(अ) पेड़ (ब) पर्वत

(स) नदी (द) समुद्र

四)सागर के रास्ता छोड़ने का क्या अभिप्राय है?

(अ) सागर का अहंकार चूर होना (ब) काम बन जाना।

(स) बड़ी से बड़ी बाधा दूर हो जाना (द) शत्रु पर विजय पाना

五)मिलकर मेहनत करने से क्या संभव है?

(अ) बड़ी से बड़ी मुश्किल हल हो जाती है। (ब) सागर भी रास्ता दे देता है।

(स) बाधाएँ स्वतः हल हो जाती हैं। (द) उपर्युक्त सभी

## पाठ 4 पुरस्कार / अभ्यास सागर

1. 'सच्चे बच्चे कितने अच्छे ' प्रतियोगिता में सत्यपाल को कौन सा पुरस्कार मिला और क्यों ?
2. सत्यपाल के घर कौन कौन था ?
3. चंचल ने सत्यपाल को अखबार बेचने का क्या उपाय बताया ?
4. जलसे में हेडमास्टर ने किसको पुरष्कार दिया और क्यों?
5. अगर सत्यपाल झूठ बोल कर अख़बार बेचता तो क्या होता?
6. सर्वनाम के कितने भेद हैं?
7. निजवाचक, प्रश्नवाचक, संबंधवाचक सर्वनाम का एक-एक वाक्य बनाओं|
8. निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम के भेद बताओं|

    (अ) उन्होंने मेरी पुस्तकें उठाई|

    (ब) दूध में क्या गिर गया?

    (स) यह कामं मैं खुद कर लूँगा|

## पाठ 6 ( अनोखा वरदान/ अभ्यास सागर )

1. राजा भेस बदलकर क्यूं घूमता था ?
2. छठवें नौजवान की अनोखी इच्छा क्या थी ?
3. राजा के पीछे अंगरक्षक क्यों चलते थे?
4. नौजवानों से राजा की किस प्रकार सहायता की?
5. निम्नलिखित शब्दों के विपरीत अर्थ वाले शब्दों को लिखिए -

    **रंक , स्वीकार , मूर्ख , बाहर**

6. निम्नलिखित शब्दों के विशेषण- भेद लिखिए-

**चतुर , कुछ, लाल, पांच**

7. परिमाणवाचक विशेषण की परिभाषा देते हुएं उसका एक उदाहरण भी लिखो|
8. निम्नलिखित शब्दों में विशेषण के भेद बताओं|

**दो सेर चावल , दस गुलाब ,तीन किलोमीटर, कुछ लीटर दूध ,सुन्दर लड़की**

## पाठ 7 ' सुंदरलाल '/ अभ्यास सागर

1. सुंदरलाल की आत्मग्लानि का कारण क्या था ?
2. सुंदरलाल ने वृक्षों को बचाने के लिए क्या कार्य किया ?
3. पर्यावरण को संतुलित बनाये रखने के लिए हमें क्या करना चाहिए?
4. किन कारणों से यह पता चलता है, कि सुंदरलाल की पेड़ों में रूचि थी?
5. निम्नलिखित शब्द युग्मों का वाक्य प्रयोग कीजिए -

   **मित्र- मण्डली, कहते -कहते, चलते-चलते**
6. पेड़ पौधों को काटना उचित नहीं है, कारण बताइये।
7. पांच-पांच शब्द **'र'** के विभिन्न रुप पर लिखिए।
8. निम्नलिखित शब्दों के दो- दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-

   **जंगल ,चंद्रमा, रात, जंगल**
9. उपर्युक्त विराम चिन्हों का प्रयोग कीजिए -

   (क) मोहन विद्यालय जा रहा था

   (ख) बगीचे में आम अमरूद और सेब के पेड़ लगे हुए हैं?

   (ग) दादाजी ने कहा मोहन अंदर आओ।

## पाठ 8 'नजानू कवि बना'

1. गुलदस्ता नजानू को कविता सिखाने से पहले क्या परखना चाहता था ?
2. जब नजानू ने जानू और सुस्तराम पर कविताएं सुनाईं तो उन्होंने क्या कहा और क्यों कहा ?
3. यदि नजानू अपने मित्रों के साथ न खेलता तो तब कैसी स्थिति होती?
4. नजानू एक कवि बनना चाहता था| किन बातों से पता चलता हैं|
5. नीचे कुछ शब्द दिए गए हैं। उनके सामने उनके दो-दो अर्थ लिखिए तथा प्रत्येक अर्थ से जुड़ा एक एक वाक्य बनाइए-

   (अ)उत्तर (ब) सोना (स) हार (द) तीर
6. निम्नलिखित शब्दों में विराम चिह्नों का सही प्रयोग करे -

   (अ) चाचा जी ने कहा की सोहन बाहर जाओं

   (ब) यह काम तो चलते फिरते हो जायेगा

   (स) राधा बोली मे आज स्कूल नही जाऊँगी

## पाठ 9 'दोहे'

1. तरुवर और सरोवर प्रकृति के रूप में क्या शिक्षा देती है?
2. रहीम ने कैसे व्यक्ति को मरे व्यक्ति के समान बताया है?
3. वाणी कड़वी हो तो इसका क्या असर पड़ेगा?
4. **'तरुवर फल नहीं खात है, सरुवर पियहि न पान'**|पंक्तियों का अर्थ अपने शब्दों में लिखो|
5. **नीचे दिए गए खाली स्थानों में उचित शब्द भरते हुए वर्तमान काल के वाक्य बनाइए-**

   (क) दीपा पुस्तक _______ है। **(पढ़ी/पढ़ती)**

   (ख) बच्चे खेल _______ । ( **रहे थे/रहे हैं** )

   (ग) सुरभि पौधों को पानी _______ है। ( **देगी/देती** )

   (घ) मुझे माधुरी दीक्षित का अभिनय अच्छा ____है। **(लगा/लगता है)**।

   (ङ) सागर के किनारे बहुत से शंख पड़े _______। ( **हैं/थे** )

## पाठ 10 'पोंगल'

1- पोंगल त्योहार कब मनाया जाता है?

2- पोंगल के त्योहार पर क्या-क्या किया जाता है?

3- कोलम क्या है? पोंगल पर विशेष रूप से किसकी पूजा अर्चना की जाती है?

4-पोंगल त्योहार कहाँ और क्यों मनाया जाता हैं|

5-काल के कितने भेद होते है? परिभाषित कीजिए|

6-वर्तमान काल , भूतकाल का एक-एक उदहारण लिखों|

7-निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया शब्द के भेद बताओ|

(क) गोपाल लड्डू खा रहा हैं

(ख) गाय खेत चर रही है

(ग) राधा लिख रही है

(घ) मोहन चाय पी रहा है

# रचनात्मक लेखन

1. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 100-125 शब्दों में अनुच्छेद लिखिएं

   **यातायात ट्रैफिक, पर्यावरण नियंत्रण, समय का सदुपयोग**

2. छात्रवृत्ति के लिए अपने प्रधानाचार्या को एक प्रार्थना पत्र (25-50) शब्दों में लिखें|

3. अपने जन्मदिन पर अपने मित्र को निमंत्रण देने के लिए एक पत्र (25-50) शब्दों में लिखें|

4. दिये गए चित्रों के आधार पर 80 -100 शव्दों में अपने विचार लिखिए|

i.



ii.

